क्र. 1863,

दिनांक 17 दिसम्बर, 2002

# ग्रामीण विकास समिति,

प्रशा. कार्यालय – कालेज वार्ड–54 गोल चौक, रोहिनीपुरम, डंगनिया, रायपुर (छ.ग.)

Mob no.9009205000, 9131952216 E-mail:- graminvs@yahoo.in,www.graminvikassamiti.org.in

# वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2021–22

## 01 जल जीवन मिशन –

जल जीवन मिशन की घोषणा 15 अगस्त 2019 को प्रधानमंत्री के द्वारा जल जीवन मिशन का मुख्य मुख्य उद्देश ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र मे रहने वाले परिवारों को घर में शुद्ध पेय जल उपलब्ध करवाना है। हमारी संस्था द्वारा जिला - बालोद, बेमेतरा एवं गरियाबंद में जल जीवन मिशन का कार्य कर रही हैं। जो इस प्रकार से है-

| क्रमांक | जिला का नाम | विकासखंड | कुल ग्रामों की संख्या | परिवारों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| ०१ | बालोद | गुरूर | 26 | 7384 |
| ०२ | बेमेतरा | बेमेतरा | 45 | 10140 |
| ०३ | गरियाबंद | देवभोग | 63 | 18580 |
| | | मैनपुर | 83 | 25158 |

जिला - बलोद, बेमेतरा एवं गरियाबंद में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, द्वारा हर घर नल योजना अंतर्गत तीनों जिले में गांवो में परिवारीक आधारभुत सर्वेक्षण, पानी का परीक्षण, बच्चों के बौद्धिक विकास हेतु - चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता, रैली, प्रशिक्षण - पल्म्बर, इलिक्टीशियन, हेल्पर की सूची तैयार कर ट्रेनिंग प्रदान करना। वॉल पेंटिंग एवं नुक्कड नाटक के माध्यक से ग्रामीण जागरूकता चलाया गया।







बच्चों के बौद्धिक विकास हेतु निबंध प्रतियोगिता

संस्था द्वारा ग्रामवासीयों को जल के महत्व के साथ हैंडपम्प में निकासी पानी के सोखता गढ्ढा में जल के संचय हेतु प्रेरित किया गया।





ग्रामवासीयों को निकासी पानी से बाड़ियों में सब्जी हेतु प्रयोग में लाने हेतु प्रेरित किया गया।







जल जीवन मिशन के प्रचार-प्रसार हेतु पोस्टर लगाया गया।



ग्रामीण क्षेत्रों में रैली एवं पोस्टर के माध्यम से लोगो को जागरूकता कार्यक्रम चलाया। संस्था के परियोजना समन्वयक श्री विजय कुमार पाण्डेय जी के अध्यक्षता में ग्राम के सभी स्कुल में बच्चों के बौद्धिक विकास हेतु निबंध, भाषण एवं चित्रकला के कार्यक्रम के साथ जल के महत्व को बताया गया। जल है तो कल है का नारा लगाया गया।




चित्रकला प्रतियोगिता

संस्था द्वारा महिलाओं का समुह तैयार किया गया उन्हे FTK प्रशिक्षण दिया गया। हर घर का सर्वेक्षण किया गया।




संस्था द्वारा सर्वेक्षण एवं **FTK** महिला प्रशिक्षण

# 02 छ.ग.राज्य एड्स प्रोजेक्ट अंतर्गत एफ.एस.डब्ल्यू. -

छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति, रायपुर के सहयोग से हमारी संस्था द्वारा संचालित जिला - दुर्ग में एफ.एस.डब्ल्यू. में वितिय वर्ष 2021-22 के अंतर्गत 06 स्टॉफ का चयन किया गया है जिसमें 10PEs है 600 का लक्ष्य रखा गया है इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमारी संस्था द्वारा निम्न प्रकार से कार्य किया जा रहा है

01- हमारी संस्था के टी.आई. द्वारा लक्ष्य प्राप्त करने के लिए सर्वप्रथम एच.आर.जी. बहनों को फील्ड विजिट कर खोजने का कार्य किया जाता है जिसमें उनकी गोपनीयता बनाये रखने का पूर्ण ध्यान रखा जाता है जिस कारण वह हमारी संस्था से जुड़ने के लिए तैयार हो जाती है उन्हे हमारी संस्था द्वारा मिलने वाली सरकारी योजनाओं के बारे में ज्ञात करवाया जाता है और बहनों को अश्वासन दिया जाता है कि हमारी संस्था जो की एफ.एस. डब्ल्यू. के लिए कार्य कर रही हैं। उनके स्वास्थ्य के लिए जागरूकता अभियान चला रही है जिसमें एफ.एस. डब्ल्यू. बहनों का H.I.V. , AIDS, S.T.I.,T.B की जांच करवायी जाती हैं।

02- H.I.V. , AIDS, S.T.I.,T.B जैसी भयंकर अवस्था के बारे में अवगत कराया जाता हैं।

03- यह बताकर की H.I.V. AIDS होने के कारण क्या हैं।

04- उनके लक्षण क्या होते हैं।

05- उनके बचाव के लिए क्या रोकथाम किये जाते हैं।







# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर -

छ.ग. राज्य एड्स नियंत्रण समिति, रायपुर के सहयोग से हमारी संस्था के टी.आई. प्रोजेक्ट अंतर्गत 05 दिवसीय **नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर** का आयोजन किया गया है जो कि दिनांक 24-03-2022 से 29-03-2022 तक किया गया है जिसके अंतर्गत जानकरी इस प्रकार से हैं -

| S.No. | Date of Health Camp | Area of health Camp |
|---|---|---|
| 1. | 24-03-2022 | Rajiv Nagar |
| 2. | 25-03-2022 | Bombay Aawas |
| 3. | 26-03-2022 | Shakti Nagar |
| 4. | 28-03-2022 | Kundra Para |
| 5. | 29-03-2022 | Satnami Para |

संस्था के टी.आई. प्रोजेक्ट के कर्मचारीयों द्वारा रैली जागरूकता एवं पोस्टर के माध्यम से स्वास्थ्य शिविर हेतु प्रचार-प्रसार किया गया।







संस्था के प्रोजेक्ट संचालक श्री भरत लाल साहु, प्रोजेक्ट मैनेजर सोनाली भोसले, परामर्शदाता सिल्विया, एवं 03 आउटरिच वर्कर का सहयोग में शिविर का आयोजन किया गया। रहा। नि:स्वास्थ्य शिविर में डा. युवराज चंद्र साहु के द्वारा 279 लोगो का एच.आई.व्ही. स्क्रीनिंग किया गया साथ ही टी.बी. शुगर एव बी.पी. की जांच किया गया।

1. **RAJIV NAGAR SHIVIR DATE – 24-03-2022**





2. **BOMBYE AAVAS SHIVIR DATE – 25-03-2022**





3. **SHAKTI NAGAR SHIVIR DATE – 26-03-2022**





## 4. KUNDRA PARA SHIVIR DATE – 28-03-22





## 5. SATNAMI PARA SHIVIR DATE – 29-03-2022





## ०३. बेटी बचाओ बेटी पढाओं कार्यक्रम :-

राष्ट्रीय बालिका दिवस दिनांक 24/01/2022 को संस्था ग्राम भखारा विकासखण्ड धमतरी जिला धमतरी में बेची बचाओ बेटी पढ़ाओ हेतु जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष श्रीमति सावित्रि साहु जी के द्वारा किया। जिसमें ग्राम के सभी बालिकाएं एवं महिलाएं की उपस्थिति थे। संस्था प्रमुख श्री सावित्रि साहु के द्वारा महिला बाल विकास विभाग एवं शासन के योजनाओं के बारे में लोगों को जागरुक किया गया।



## 04. पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम

संस्था द्वारा पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन ग्राम मुसुवाडीह विकास खण्ड - सिमगा जिला - बलौदा बाजार में किया गया जिसमें संस्था के अध्यक्ष सचिव श्री हर्ष कुमार शर्मा की उपस्थिति में किया गया। जिसमें कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त ग्रामवासियों एवं संस्था के अन्य सदस्यगण उपस्थित रहें। संस्था के सदस्य श्री धनसाय सोनवानी जी द्वारा पर्यावरण का संतुलन बिगड़ने से होने वाले दुष्प्रभाव से अवगत कराया गया एवं वृक्षों की कटाई न करने हेतु तथा वृक्षारोपण अधिक से अधिक करने हेतु अपील किया गया। अंत में पौध वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।





## 05. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस :-

संस्था द्वारा 21/06/2021 को अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विकासखण्ड सुपेला, जिला - दुर्ग में शिविर लगाकर योग दिवस का कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसमें संस्था के सचिव श्री हर्ष शर्मा एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित थे, ग्रामीण युवाओं और बच्चों ने इस योग दिवस कार्यक्रम में भाग ही नही बल्कि योग हमारे स्वास्थ्य के लिए कितना महत्वपूर्ण इसके बारे में लोगो को जागरूक किया। संस्था के सयुंक्त सचिव श्री रामकुमार वर्मा के द्वारा योगासन जीवन में बहुत जरूरी हैं। अपने जीवन के दिनचरिया में प्रातः कम से कम ३० मिनट अपने स्वास्थ्य के लिए योगासन करना चाहिए। योग करने से न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए बल्कि चित को एकाग्रता करने में सहायता प्रदान करता है इस कार्यक्रम में गांव के युवक-युवतियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।



## ०६. आजादी अमृत महोत्सव के अवसर पर स्वच्छता अभियान दिवस :-

संस्था द्वारा नेहरू युवा केन्द्र धमतरी के साथ ७५वी आजादी अमृत महोत्सव के अवसर पर ०२ अक्टुबर २०२१ को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म दिवस पर ग्राम - अर्जुनी विकासखण्ड - धमतरी जिला - धमतरी में स्वच्छ भारत अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था के सदस्य श्री धनसाय सोनवानी एवं ग्राम के संरपच पंच के उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजन किया गया। स्वच्छता अभियान अंतर्गत ग्रामजनों को स्वच्छता के महत्व को बताया गया। ग्रामों के सभी लोगो को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई एवं ग्राम के तालाबों सहित विभिन्न स्थानों में साफ- सफाई की। साथ ही संस्था के द्वारा ग्रामीणों को स्वच्छता हमारे जीवन-यापन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है अस्वच्छता के कारण कई प्रकार की बीमारी से अवगत कराया गया। कूड़ा कचरा कूडादान का प्रयोग करे सुखा व गीला कचरा अलग-अलग रहे।



**परिणाम -**

१. ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में निवासरत महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें ५०० प्रतिभागीयों को लाभावित किया गया।

२. ग्रामीण जन को स्वास्थ्य के प्रति ३०० प्रतिभागीयों को जागरूक किया गया।